سر، ایک اور کام ہم لوگوں نے کیا تھا، جس کی طرف میں ہیلتھ منسٹری کا دھیان آکرشت کرنا چاہتا ہوں۔ میں یہ بتانا چاہتا ہوں کہ وہ پروگرام بند ہو گیا ہے۔ سر، میں نے جب یہ بتایا تھا کہ این۔سی۔ڈیس۔ کے لئے ہم نے ایک پروگرام شروع کیا تھا – Non-Communicable Diseases کے لئے اور جیسا میں نے کہا کہ ان Non-Communicable Diseases کے لئے prevention and precaution سب سے زیادہ ضروری ہے۔ آپ کتنا بھی چاہیں، لیکن پوسٹر سے آپ پرچار نہیں کر سکتے۔ میں نے خود ایک اسکیم conceive کی اور چلائی۔ اپریل، 2012 سے لیکر تقریبا پونے دو سال تک، دسمبر، 2014 تک وہ اسکیم چلی، جب تک ہماری گوورنمینٹ رہی اور پھر ہم نے گوورنمینٹ چھوڑی۔ اس کے بعد ہم نے اسے نئی گوورنمینٹ پر چھوڑا کہ ان کی سرکار آرہی ہے، لیکن ہم نے اسے آخر تک کیا۔ شاید 12 اپریل، 2012 کو یہ اسکیم میں نے شروع کی تھی اور دسمبر، 2014 تک، تقریبا پونے دو سال تک یہ اسکیم چلی۔ سر، میرے خیال میں یہ دنیا کی پہلی اسکیم تھی اور شاید آخری اسکیم رہ گئ کیوں کہ وہ آگے نہیں بڑھی کہ Non-Communicable

[श्री गुलाम नबी आज़ाद]

Diseases کے سمبندھ میں لوگوں کو کیسے معلوم چلے گا کہ ہرٹ کے لئے کیا precaution لینی ہے، ڈائبٹیس کے لئے کیا precaution لینی ہے، کینسر کے لئے کیا precaution لینی ہے۔ سر، میں نے دوردرشن اور ریڈیو کے ساتھ کانٹریکٹ کیا۔ کسی پرائیویٹ کمپنی کے ساتھ نہیں کیا ۔ تاکہ سرکار کا پیسہ سرکار کے پاس ہی چلا جائے۔ ہم نے تیس ریجنلس ٹیلی ویژن سینٹرس کے ساتھ اور 29 ریجنلس ریڈیو اسٹیشنس کے ساتھ کونٹریکٹ کیا۔ ہم نے ریڈیو کے لئے انہیں اسٹیٹس کے تقریبا 12،553 اسپیشلسٹس بلائے، ان کے ساتھ کانٹریکٹ کیا، 12،553 ریڈیو کے لئے اور 10،884 ٹیلی ویژن کے لئے اسپیشلسٹس بلائے۔ ان میں کارڈیولوجسٹس تھے، ریڈیولوجسٹس تھے، ہرٹ اسپیشلسٹس تھے، گائنی اسپیشلسٹس تھے۔ وہ پروگرام ہفتے میں پانچ دن شام کو ایک گھنٹے کے لئے آتا تھا۔ اس ڈیڑھ سال کے وقت میں دوردرشن کے تیس کے تیس کیندروں پر 13،380 پروگرام ہوئے اور ریڈیو میں 12،325 پروگرام ہوئے۔ ان میں وہ لوگوں کو بتاتے تھے کہ ان بیماریوں کے لئے early detection کیسے کرنا ہے، precaution کیا لینی ہے اور ان تمام بیماریوں کے لئے نزدیکی ہاسپٹلس کہاں ہیں، چاہے کارڈیولوجی ہو، کینسر ہو، کڈنی ہو یا دوسری بیماریاں ہوں۔ اس طرح ایک بہت بڑے پیمانے پر یہ پروگرام آتا تھا، جسے لوگ اپنی اپنی بھاشا میں سنتے تھے ۔ اگر مہاراشٹر میں ہوتا تھا تو مراٹھی میں، کرناٹک میں ہوتا تھا تو کنڑ میں، تمل ناڈو میں ہوتا تھا تو تمل ناڈو کے ڈاکٹرس بھی اپنی بھاشا میں بولتے تھے۔

تو میرے خیال میں یہ کمیونیکیشن کا سب سے بڑا پروگرام ہے۔ میں مانئے ہیلتھ منسٹر سے یہی ریکویسٹ کروں گا کہ اگر وہ اس پروگرام کو چالو کریں گے، تو ہیلتھ منسٹری کا پیسہ باہر نہیں جائے گا، دوردرشن اور ریڈیو کو جائے گا اور اس سے لوگوں کا بہت سمادھان ہوگا، بہت بہت دھنیواد۔

श्री उपसभापति : बहुत-बहुत धन्यवाद, माननीय गुलाम नबी जी। श्री सुशील कुमार गुप्ता जी, आपके पास तीन मिनट का समय है।

श्री सुशील कुमार गुप्ता (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) : धन्यवाद, उपसभापति महोदय। आज हिन्दुस्तान में दूषित हवा, दूषित पानी दूषित भोजन की वजह से कैंसर एक महामारी की तरह फैल रहा है। शादी की उम्र अधिक होने के कारण महिलाओं में स्तन कैंसर, लगभग 60 वर्ष की उम्र के बाद पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर और तम्बाकू के अधिक सेवन के कारण गले का कैंसर के अलावा हिन्दुस्तान में Basal Call और घातक ट्यूमर जैसे मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। Indian Council of Medical Research के अनुसार भारत में प्रति वर्ष कैंसर के लगभग 17 लाख 30 हजार से अधिक नए मामले आते हैं तथा 2020 तक प्रति वर्ष 8 लाख 80 हजार से अधिक मौतें होने की संभावनाएं हैं। भारत में हर आठ मिनट में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से एक महिला मर जाती है। भारत में स्तन कैंसर के रूप में निदान की गई हर दो महिलाओं में से एक की मृत्यु हो जाती है। यहां पर तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के चलते लगभग ढाई हजार व्यक्ति हर वर्ष मर जाते हैं। पंजाब जैसे राज्यों से विशेष ट्रेन जिसका नाम लोगों ने कैंसर एक्सप्रेस रखा है, वह हमेशा वहां से प्रति वर्ष इलाज के लिए भरकर चलती है। ऐसा अनुमान है कि यहां पर 2020 तक लगभग नौ लाख लोगों की प्रति वर्ष कैंसर से मृत्यु होने की संभावना है। इसके अलावा एम्स के विशेषज्ञ कहते हैं कि अगर प्रारंभिक जांच में यह पता चल जाए कि किसी को कैंसर है, तो 70 प्रतिशत मामलों में कैंसर preventable है और 80 प्रतिशत curable है। परंतु 80 प्रतिशत मामले तीसरी या चौथी स्टेज पर हमें पता चलते हैं, जिसके कारण लगभग 20 प्रतिशत रोगी ही बच पाते हैं। हिंदुस्तान में केवल साढ़े 12 प्रतिशत रोगियों को ही प्रारंभिक तौर पर जांच के दौरान पता चल पाता है कि उनको कैंसर है। कैंसर के इलाज के दौरान मरीज बहुत वित्तीय संकट से गुजरता है। उसकी संपत्तियां तक बिक जाती हैं और वह दिवालिया होने के कगार पर पहुंच जाता है। कैंसर की दवाइयों के बारे में, मैं मंत्री जी का भी इसमें आभार प्रकट करना चाहूंगा कि NPPA, Indian Pharma Policy के अनुसार 390 दवाइयों पर, 30 प्रतिशत के profit की capping लगाकर उन दवाइयों को सस्ता करने का प्रयत्न किया है। परंतु वे दवाइयां आम व्यक्ति की पहुंच से बहुत ऊंचाई पर हैं, उनको और सस्ता करने की जरूरत है। देश में कैंसर हॉस्पिटल्स की बहुत भारी कमी है। Early detection के लिए मेरा यह सुझाव है कि अलग से cencer detection centres बनने चाहिए। अगर हम एक कैंसर जांच सेंटर शहरों और गांव के स्तर पर, तहसील के स्तर पर, जिला के स्तर पर बना दें, जहां पर फुल बॉडी स्कैन हो सके, तो इस बीमारी का प्रारंभिक स्तर पर इलाज होने के कारण, मृत्यु दर में गिरावट ला सकते हैं। ...(**समय की घंटी**)... सर, दो मिनट और दीजिए, इसमें मेरे और भी सुझाव हैं।

श्री उपसभापति : आप खत्म करें, समय बहुत कम बचा है।

3.00 P.M.

श्री सुशील कुमार गुप्ता : सर, मैं अपनी बात बस खत्म ही कर रहा हूं। साफ पानी के लिए हर घर के स्तर तक नल पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए। खेती के बचे हुए अवशेषों को जलाने की बजाय उसका सही तरीके से निपटारा करें। फैक्टरी और वाहनों के प्रदूषण को रोकने के लिए हमारा लगातार प्रयास होना चाहिए। उत्तर भारत में रसायनिक पदार्थ न खा सकें, जैविक खेती को बढ़ावा दें, ताकि लोगों की सेहत ठीक रह सके। यूरिया जैसे product को मिलाकर जो नकली दूध बनता है, उसके संबंध में सजा के और कड़े प्रावधान होने चाहिए। Life saving injections, chemotherapy और rediotherapy जैसे सेंटर्स अलग से खुलने चाहिए, ताकि जनरल हॉस्पिटल्स में रेडिएशन द्वारा इलाज के लिए वहां पर लोग जा सकें।

मैं आपसे यह निवेदन करता हूं कि दिल्ली सरकार अपना 18 प्रतिशत हेल्थ पर लगाती है।...**(समय की घंटी)**...

श्री उपसभापति : अब अपनी बात को खत्म कीजिए।

श्री सुशील कुमार गुप्ता : भारत सरकार भी अपने बजट के अंदर और प्रावधान करे।

अंत में, मैं माननीय मंत्री जी से एक निवेदन करना चाहता हूं कि दिल्ली सरकार ने "एम्स" से टाइ-अप करके...

श्री उपसभापति : आप समाप्त करिए।

श्री सुशील कुमार गुप्ता : किस प्रकार हम कमेटी बनाकर, बढ़िया तरीके से, हम इसका इलाज मोहल्ला क्लीनिक के द्वारा कर सकते हैं।...

श्री उपसभापति : गुप्ता जी, अब आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।

श्री सुशील कुमार गुप्ता : *

श्री उपसभापति : माननीय सदस्यगण, 3.00 बजे Half-an-hour Discussion माननीय रेवती रमन जी का गंगा पर है। अगर आप सब की सहमति हो, तो यह ढाई घंटे का SDD पूरा करके, तब हम लोग इसको लें। ठीक है। श्री बीरेंद्र प्रसाद बैश्य जी।

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA (Assam): Sir, I thank you very much for allowing me to speak on this very, very important subject. I am thankful to the hon. Chairman also who has allowed to discuss this very special subject in this House. Like Rajasthan and Punjab, maximum number of Cancer patients of our country come from Assam and the North-Eastern Region. Daily, hundreds of Cancer patients either visit

*Not recorded.

Tata Memorial Hospital, Mumbai or Delhi for their treatment. Many hon. Members have spoken in detail about it. I am not going to speak much, but I would like to give a few suggestions to the hon. Minister for his consideration. Treatment of cancer is very costly. Common man cannot afford it. Due to lack of medicines, due to lack of treatment, everyday, hundreds of cancer patients lose their lives. I would like to request the hon. Health Minister to kindly arrange that there must be a special cancer unit in every district hospital in our country. There must be a special cancer unit in every district hospital in our country with cancer specialist doctors, staff and modern equipment. I would like to give one more suggestion. Radiotherapy and chemotherapy are very costly. India is a welfare country. I would like to request the hon. Minister that in those district hospitals, the Government should provide free chemotherapy and free radiotherapy to the common people because it would be helpful for their treatment. In my initial remarks, I have said that the maximum number of cancer patients of our country come from Rajasthan, Punjab, and from the North-Eastern Region and Assam. If you visit the Guwahati railway station or airport, you can see every day, hundreds of cancer patients moving to Mumbai or Delhi for better treatment. Guwahati is the heart of the North-Eastern Region. Dr. B. Borooah Cancer Institute is situated in Guwahati. Every day, hundreds of cancer patients, our brothers and sisters from the North-Eastern States, come to Dr. B. Borooah Cancer Institute for their treatment. I would like to request the hon. Minister to kindly make Dr. B. Borooah Cancer Institute of Guwahati a modern and super-speciality cancer hospital with more doctors, with more staff and with all latest and modern equipments. One of the basic problems...*(Interruptions)*... One of the major problems...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. ...*(Interruptions)*... I will now move on to the next speaker. ...*(Interruptions)*... We have limited time. ...*(Interruptions)*... As per hon. Chairman...*(Interruptions)*...

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA: Just one minute. ...*(Interruptions)*... One of the major problems is the shortage of doctors. ...*(Interruptions)*... The Government should look into this issue and the Government should spend more and more money on research and development...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Binoy Viswam.

SHRI BINOY VISWAM (Kerala): Sir, I congratulate Shri Vishambhar Prasad Nishad for bringing this Short Duration Discussion. Sir, this House, by discussing this issue, is showing its humane face to the nation. Parliament has a duty to think of the people,

[Shri Binoy Viswam]

of their sorrows, and their concerns. Then only it becomes peoples' Parliament. Now, we are doing that. Sir, there is no need to tell the figures here. We have ample number of statistics on this issue. This country of ours' has the tag of the third biggest nation, having a number of cancer patients. Sir, sixty seven million dollars are spent on treatment, and there is every possibility that they are on the increase. Today, we have thirty-one functioning cancer centres in the country with advanced treatment facilities. That is too little when we take into account the needs of the day. Four days back in this House, the hon. Minister for Health and Family Welfare informed us that there is a plan to start sixteen more State Institutes of Cancer and twenty Tertiary Centres of Cancer. The words he used are, 'approval has been given'. When will they be commissioned? When will they start? I request the hon. Minister to clarify this point when he replies to the debate here.

Sir, we talk about pollution. Everything is polluted. Water is polluted; air is polluted; of course, our politics is polluted; our life is polluted; food is polluted. Why does it happen? It happens because we are controlled by the markets. That means, money is the deciding factor. When money will come to decide everything, this pollution is unavoidable. The Government says that it believes in investment-driven economy; that means, capital-driven economy. Capital has only one concern. To earn maximum profits.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Viswamji, please conclude. There are two more speakers and only two minutes are left. Under this category, there are two more speakers and we are left with only two minutes.

SHRI BINOY VISWAM: In this way, I would say only one thing. GDP growth alone is not the only growth. What do we earn by destroying the nature and killing the rivers? We spend more on treatment of cancer. Cancer needs treatment with medicines–modern medicines, allopathic and ayurvedic medicines...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. It is not going on record. Dr. Narendra Jadhav...*(Interruptions)*... I don't have time.

DR. NARENDRA JADHAV (Nominated): Mr. Deputy Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity to speak. Sir, I was myself hit by cancer in February 2017, and I want to share some thoughts from my own experience, and I will be very, very, brief. I had to go through four surgeries, chemotherapy and radiation therapy, but, I am

coming out of cancer successfully. So, what is my advice to people? I would like to say four-five things. One, cancer is curable. What is most important is the will power Second, do not talk to people about it because people try to hold you down and they start, I think, your obituary. Third most important thing is diet, exercise, and after 55 years of age, everybody should have a comprehensive check up every year.

Finally, it is most important to listen to the signals that your body is giving because as far as cancer is concerned, earlier the detection, greater the chances of getting cured. Therefore, we must all learn to capture the signals that the body is giving. I wish to thank you all for letting me speak on the subject.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We all wish you a very long, healthy life. You have made very concrete suggestions and thank you, Dr. Jadhav. श्री रामदास अठावले, आपके पास सिर्फ 1 मिनटा का समय है, आप उसी में अपनी बात कहेंगे।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले) : उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया है। मैं कहना चाहता हूं कि,

"कैंसर की बहुत ही खतरनाक है बीमारी
हर पेशेंट की मदद करने की जिम्मेदारी है हमारी।"

उपसभापति जी, यह जो कैंसर है, यह आदमी की जिंदगी को खत्म करता है। यह कैंसर मतलब - हम आज भी देखते हैं कि इसके लाखों पेशेन्ट्स हैं। छह महीने के बच्चे को भी कैंसर हो जाता है, आठ-दस साल के बच्चे को भी कैंसर हो जाता है। इस कैंसर की बीमारी को खत्म करने की कोशशि जरूर हो रही है। हमारे हर्ष वर्धन जी डॉक्टर हैं, मिनस्टिर हैं, वे इस बीमारी को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं, हमारी सरकार भी इस दिशा में बहुत कोशिश कर रही है। गुलाब नबी आज़ाद जी ने बताया है कि उन्होंने भी कई अस्पताल बनवाए हैं, उन्होंने बहुत-सी मदद भी की है, यह अच्छी बात है।

डिप्टी चेयरमैन सर, मैं यह कहूंगा कि कैंसर जैसी बीमारी के लिए सभी को मदद करने की आवश्यकता है। बॉडी का चेक-अप होता है। हम और बहुत सारे लोग ब्लड चेक-अप के लिए जाते हैं। हमारी मुंबई में जब लोग ब्लड चेक-अप के लिए जाते हैं, तो वहां इस पर 12-10 हज़ार रुपये खर्च में लगते हैं। आम आदमी इतने पैसे नहीं दे सकता है, इसीलिए यह जो बॉडी का चेक-अप होता है, इसको फ्री करने के संबंध में भी हमारी जो सरकार है, इस सरकार की तरफ से भी कोई योजना बनाने की आवश्यकता है। अगर वह कैंसर डिटेक्ट हो जाता है, जैसा अभी हमारे डा. नरेन्द्र जाधव जी ने बताया है कि उन्हें कैंसर हुआ था, जो कि अच्छे intellectual

[श्री रामदास अठावले]

भी हैं, बाबा साहेब अम्बेडकर जी की विचारधारा के लीडर भी हैं, यदि कैंसर फर्स्ट या सैकंड स्टेज पर मालूम पड़ जाता है और उसका ठीक ढंग से इलाज किया जाता है, तो हमें कैंसर से भी मुक्ति मिल सकती है। उसी तरह सरकार की तरफ से भी इस पर एक्सरसाइज़ करने की आवश्यकता है और ज्यादा पानी पीने की भी आवश्यकता है। मतलब ज्यादा दारू पीने की बजाय ज्यादा पानी पीना चाहिए। बहुत सारे लोग...**(व्यवधान)**... एक दिन में कम से कम दो-तीन लीटर पानी तो पीना ही चाहिए। इसके साथ ही एक्सरसाइज़ करने की भी आवश्यकता है, चेक-अप कराने की भी आवश्यकता है। इस प्रकार से मुझे लगता है कि यह सब करने की आवश्यकता है।

सर, कैंसर तो खत्म होता नहीं, लेकिन ये जो disease होती हैं, जिनके लिए आदमी बोलता है, तो मैं तो यही कहूंगा कि यह तो मशीन है, कुछ न कुछ होता ही रहता है, इस मशीन में कुछ न कुछ बिगड़ाव हो ही जाता है। जिस तरह से गाड़ी चलती है, गाड़ी की मशीनरी में भी कोई बिगड़ाव हो जाता है, उसी तरह से शरीर में भी होता है, लेकिन इसको दुरुस्त करने के लिए हमारे पास बहुत सारी योजनाएं हैं।

महोदय, उसी प्रकार से मुझे यह भी लगता है कि कैंसर को खत्म करने के लिए...**(समय की घंटी)**... हमारी मोदी सरकार ने "आयुष्मान भारत" योजना बनाई है और कैंसर के लिए ज्यादा से ज्यादा मदद करने के लिए सीएसआर फंड भी है। मेरा यह निवेदन है हम हमारा जो यह एम.पी. लैड फंड होता है, उसमें से अगर 50 लाख या 1 करोड़ रुपये की सहायता से ऐसे पेशेंट को 1 लाख, 2 लाख, 3 लाख, 5 लाख, 10 लाख की राशि अपने एमपीलैड फंड से दे सकते हैं।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : रामदास अठावले जी, आपका धन्यवाद।

श्री रामदास अठावले : अंत में मेरा यह निवेदन है कि एमपीलैड फंड के 5 करोड़ रुपये में से अगर 1 करोड़ रुपये भी इलाज के लिए देते हैं, तो वह बहुत अच्छी बात होगी। मुझे लगता है कि उन्हें इस तरह की मदद मिलनी चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात खत्म करता हूं, "जय भीम-जय भारत"।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Shrimati Ambika Soni is not present. Now, the Minister, please.

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री; विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री; तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री (डा. हर्ष वर्धन) : उपसभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। सबसे पहले तो मैं सभी माननीय सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करना चाहूता हूं कि सभी ने बहुत गंभीरता से बहुत गंभीर विषय, अपने-अपने अनुभव और अपनी-अपनी एडवाइज़स इस हाउस में शेयर की हैं। उन्होंने बहुत

संवेदनशीलता से अपनी बात को रखा है। सभी का मैंने देखा, बहुत सारे मेम्बर्स ने बताया कि उनके व्यक्तिगत जीवन में किस प्रकार से उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को, परिचितों को, मित्रों को कैंसर की बीमारी से खोया है। हम लोगों ने भी पिछले पांच साल में अपने कई प्रिय साथियों को कैंसर की बीमारी से खोया है, इसका हम लोगों को बहुत कष्ट है।

उपसभापति जी, मैं स्वयं एक ENT Surgeon हूं और लगभग तीन दशक तक मैंने ENT Consultant के रूप में practice की है। विशेष रूप से जो oral cancer के मरीज हैं, उनको मैंने बहुत बड़ी तादाद में देखा है। वह किस कारण से होता है, तो मैंने देखा कि सिगरेट, तंबाकू, बीड़ी, पान मसाला, सुपारी, इस तरह की चीजें तो सभी की history में मिलती थीं, तो लोग कैंसर के साथ आते थे। मैंने लगभग तीन दशक तक अपना दिन सुबह 6 बजे ऑपरेशन थियेटर से इस तरह के मरीजों का ऑपरेशन करके प्रारम्भ किया है। मुझे 2014 में स्वास्थ्य मंत्री बनने का मौका मिला था और लगभग 5 महीने मैं यहां था। उसके बाद मैं Science and Technology मंत्रालय में गया। अभी भी वह मंत्रालय मेरे पास है। मैंने Science and Technology मंत्रालय में देखा है कि health का जो high ended research है और health की जो अनसुलझी समस्याएं हैं, उनका समाधान तो वास्तव में सबसे ज्यादा Science and Technology में हैं। इसलिए मैं अपनी बात को शुरू करते हुए, क्योंकि बहुत सारी बातें यहां रखी गई हैं, लेकिन बहुत सारी बातें हैं, जिनको अगर मैं यहां नहीं रखूंगा, तो मेम्बर्स को उनका संज्ञान नहीं होगा। हमारे Science and Technology में बहुत व्यापक पैमाने पर रिसर्च हो रही है और शायद जिस व्यापक quality की रिसर्च भारत में हो रही है, वह दुनिया के किसी भी विकसित देश में comparable है। बहुत detail में तो नहीं, लेकिन उसका एक थोड़ा सा feel हम सबको हो जाए, इसके लिए मैं सिर्फ कुछ चीजों का उल्लेख करूंगा। हमारी Science and Technology की जो सबसे बड़ी प्रतिष्ठित संस्था है, उसका नाम CSIR है। CSIR की देश में लगभग 38 laboratories हैं। CSIR का जन्म जब हम देश के रूप में आजाद हुए, उससे भी पहले हुआ था। दुनिया में ऐसे 1,207 संस्थान हैं, जिनमें सरकार की मदद से, सरकार के पैसे से रिसर्च होता है। उनके माध्यम से नए-नए रिसर्च के outcomes develop होते हैं। दुनिया में ऐसी 1,207 संस्थाएं हैं। उन 1,207 संस्थाओं में अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में आज CSIR पहले 10-12 स्थानों के अन्दर अपना स्थान प्राप्त करता है।

सर, कैंसर के सदंर्भ में मुझे इतना बताना है कि हमारी CSIR की करीब 8-10 प्रतिष्ठित laboratories हैं, जिनमें Central Drug Research Institute, Lucknow; Centre for Cellular and Molecular Biology, Hyderabad; Indian Institute of Chemical Technology; Indian Institute of Integrative Medicine, जो जम्मू में है; Indian Institute of Microbial Technology, Indian Institute of Chemical Biology; Institute of Genomics and Integrative Biology; National Chemical Laboratory, Pune और North-East Institute of Science and Technology, Jorhat. Primarily they are working in the field of cancer research. इनकी जो activities हैं, they include discovery of biomarkers, जिनसे early diagnosis में मदद मिलती है। सभी का यह

[डा. हर्ष वर्धन]

कहना था कि इसकी early diagnosis होनी चाहिए। एक early diagnosis हम सामने देख कर करते हैं और एक early diagnosis जब हमें बीमारी के बारे में कुछ दिखता नहीं, तो फिर biomarkers को develop करके उसके माध्यम से blood test से हो सकती है। इनकी जो main activities हैं, they include discovery of biomarker for early diagnosis. Searching for new molecular entities to overcome therapy resistance. Epigenetic regulation of cancer, metabolic reprogramming, understanding genetic basis of cancer, investigation of new drug for leads of cancer, etc. इनमें से दो-तीन का उल्लेख मैं विशेष रूप से करूंगा, जहां पर बड़ी significant, जिसमें एक तो मैं पिछले दिनों हैदराबाद के अन्दर उद्घाटन करके आया, यह हमारी जो CSIR की CCMB Lab है, यहां पर it is working on molecular mechanism of cancer progress. The Institute has identified and patented signatures for breast cancer and Pediatric Acute Lymphoblastic Leukemia which would help in diagnosis and screening of the population at large. इसी तरह से जो CSIR IIIM है, जो हमारी लैबोरेटरी जम्मू में है, it is developing an anti-cancer drug code named IIIM290 which possess promising in vitro cytotoxicity in different types of cancer tissues with most potent cytotoxicity in Leukemia and Pancreatic cancer cells. यह बड़ी महत्वपूर्ण discovery है। इसी तरह से लखनऊ की जो CSIR CDRI है, it is undertaking research on triple negative breast cancer with respect to its biomarker discovery for diagnosis, searching for new molecular entity to overcome therapy resistance, so that poor prognosis and high mortality in case of PNBC could be addressed. यह काम अभी लैब लेवल पर है। इसके आगे भी इसके human trials इत्यादि होने हैं। इसी तरह से एक और significant चीज़ का उल्लेख मैं करना चाहता हूं। CSIR-CDRI-IICA-CB-NIST is coming up with a consolidated cancer research programme on breast and ovarian cancer related to Indian conditions. इसके अलावा हमारा Science and Technology में दूसरा जो major department है, वह Biotechnology है। उसमें cancer biology की जो रिसर्च है, यह उसका one of the major thrust areas है। इसमें breast cancer, cervical cancer, oral cancer, lung cancer, ovarian cancer, prostate cancer and acute myeloid Leukemia इन नामों को, अब तक तो सबने इतने कैंसर के मरीजों को रोज हेल्प करने की कोशिश की है, हम जान गये हैं। जिन priorities पर यहां पर काम हो रहा है, biomarkers for early diagnosis of different types of cancer, Nano Medicine for cancer diagnostics and treatment, target identification, synthethic chemistry for target inhibition, cancer stem cells and its application and diagnostics and therapeutics. इसी तरह से imaging in cancer, bio-banking with well annotated speciments. इस समय हमारा डिपार्टमेंट करीब 52 बड़े प्रोजेक्ट्स को इस संदर्भ में फंड कर रहा है। इसी तरह से एक जो बड़ी miportant बात है कि दुनिया के 40 देश मिल कर, उन्होंने एक International Cancer Genome Consortium

बनाया है, जिसमें हमारा भारत 7 founding countries में से है। इसके संदर्भ में बहुत व्यापक पैमाने पर ये 40 देश मिल कर इस International Consortium में काम कर रहे हैं। इसी तरह से हमारी दिल्ली में National Institute of Immunology और एक बड़ा international collaboration UK के साथ... ये कुछ प्रमुख चीज़ें bio-technology के बारे में मैंने आपको बतायी और इसी तरह से हमारा जो DST है, उसमें पिछले समय में यह Core Research Grant, Early Carrier Research, Young Scientist Scheme, National Post-Doctoral Fellowship, इसमें imprint और chemical research, इन सबमें मिल कर कम से कम 155 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स कैंसर की रिसर्च के लिए सैंक्शन किये हैं। ये इन प्रोजेक्ट्स के डिटेल्स इत्यादि हैं। इनका उल्लेख मैंने सिर्फ इसलिए किया कि हम सब इस बात से अवगत रहे हैं कि जहां कैंसर के बारे में हमारी चिन्ता है कि हम इसको कैसे diagnose करें और कैसे इसका early treatment करें, उसी के साथ-साथ यह जो research का component है, इसके ऊपर भी सरकार का बहुत गहरा ध्यान है और इसके संदर्भ में हम राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सारे collaborations करके काम कर रहे हैं। एक मरीज, जिसे कैंसर हो जाए, उसके लिए भारत सरकार में क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं, पहले मैं उसकी जानकारी दूंगा, उसके बाद अन्य विषयों को टच करूंगा। जैसा यहां बताया गया, हमारे मैम्बर्स ने भी जिक्र किया, आयुष्मान योजना के बारे में हम सबको पता है। देश के लगभग पौने ग्यारह करोड़ लोगों को उससे automatic लाभ मिलता है। इस योजना के अंतर्गत करीब 1,385 पैकेजेज़ हैं, उनमें से Paediatric, medical, radiation or surgical oncology के exclusively 152 पैकेजेज़ बने हैं, जिन्हें अलग-अलग स्टेजेज़ पर कैंसर के मरीजों को अस्पताल में, चाहे वह कहीं भी वॉक-इन करके और जो आयुष्मान का लाभार्थी होगा, उसे इनसे हैल्प मिलती है। दूसरी स्कीम जो अभी बहुत प्रभावी ढंग से लागू की गई, वह अमृत नाम की स्कीम है। इसका फुल फॉर्म है– Affordable Medicines and Reliable Implants for Treatment. इसमें लगभग 50 परसेंट तक दवाइयां और implants subsidize होते हैं। देश भर भी में ऐसी लगभग 164 अमृत फार्मेसीज़ बनाई गई हैं, जिनके माध्यम से कैंसर के मरीजों को बड़े पैमाने पर लाभ मिल रहा है। Just जानकारी के लिए बता दूं कि पिछले समय में 142.30 लाख patients को इनसे लाभ मिला। जिन दवाइयों की कॉस्ट लगभग 1,416.43 करोड़ रुपए थी, उन्हें 679.47 करोड़ रुपए में बेचा गया जिससे मरीजों को सीधे-सीधे लाभ हुआ।

हमारे गुलाम नबी आज़ाद जी, जो स्वयं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं, उन्होंने जिक्र किया, मैं उनकी बड़ी respect करता हूं, उनसे मोहब्बत भी करता हूं, कि हमारा जो राष्ट्रीय आरोग्य निधि का component है, जिसका विशेष रूप से उन्होंने जिक्र किया– Health Minister's Cancer Patients Fund- वह अभी भी उसी तरह चलता है। आपने उसमें 20 लाख से शुरू करके 10 लाख किया था लेकिन अब किसी भी मरीज को, जो poor patient है, उसे 15 लाख रुपए तक की one-time grant मिलती है, जो गरीबी रेखा के नीचे poor patient है। इसी तरह जो देश में 27 Regional Cancer Centres हैं, उनमें एक करोड़ रुपए का Revolving Fund M.S. के disposal पर रखा है, जिसके खत्म होने पर उसे दोबारा से replenish कर दिया जाता है।

[डा. हर्ष वर्धन]

इस फंड के तहत 5 लाख रुपए सीधे मरीज को अस्पताल के अंदर ही वे sanction कर सकते हैं। पिछले समय में सरकार ने 489 National List of Essential Medicines में से 47 anti-cancer medicines तैयार की, जिन्हें Drug Pricing Control Order की सहायता से, जो हमारी National Pharmaceutical Pricing Authority है, उनमें 30 परसेंट तक स्टॉकिस्ट की प्राइस के बाद trade margin की capping की। इस कारण अभी 90 परसेंट तक दवाइयों में price reduction - anti-cancer drugs में हुआ है, जो अपने आप में मरीजों के लिए अभूतपूर्व है। Generic medicines की यहां चर्चा की गई, लेकिन generic medicines को बड़ा आन्दोलन बनाने का काम प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने किया। Generic medicines के 5000 से अधिक जन औषधि स्टोर सारे देश में बनाए गए। भारत सरकार ने 20 tertiary care cancer center/institutes और 16 State Cancer Institutes, जिनमें से अब तक लगभग 5-6 complete हो चुके हैं, बाकी में 90 परसेंट काम पूरा हो चुका है। जितने नए AIIMS बन रहे हैं, उनमें कैंसर के बड़े-बड़े डिपार्टमेंट्स बनेंगे, जिनमें surgery, radiotherapy, chemotherapy से जुड़े विभाग proposed हैं तथा 6 Institutes में ये already work कर रहे हैं हमारी एक बहन ने palliative care के बारे में जानकारी मांगी। I am very happy that you mentioned about palliative care programme. अभी हमारे 346 जिलों में, 29 स्टेट्स में State Palliative Care Cells हैं, जिनमें District Hospitals की capacity बनाने के लिए specially palliative care की व्यवस्था की गई है। अभी आदरणीय गुलाम नबी आज़ाद जी ने कहा था और अच्छी बात है कि prevention पर उन्होंने focus किया, उस संदर्भ में जो non-communicable diseases हैं, जिनमें diabetes, hypertension, coronary artery diseases, cancer वगैरह आते हैं... मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी सरकार ने उसको prevention के काम को बड़े पैमाने पर re-institutionalise किया और अक्सर आपने सवालों के जवाब में सुना ही है कि आयुष्मान योजना का जो दूसरा component है, वह health and wellness clinics है। हम 31 दिसम्बर, 2022 तक देश में डेढ़ लाख health and wellness clinics establish करना चहाते हैं, जिनमें से 19-20 हजार already हो गए हैं, 31 मार्च तक यह संख्या 40 हजार हो जाएगी। यहां पर बाकी सारी चीजों के साथ जो ट्रीटमेंट इत्यादि दिए जाते हैं, लेकिन उसका जो prevention है, prevention के screening का जो component है, उस screening के component के लिए जो ASHA workers हैं, जो Anganwadi workers हैं, उनको बाकायदा ट्रेन करके, बाकायदा उनको Dell tablet इत्यादि भी प्रोवाइड किए गए हैं। इस काम को बड़े institutionalized तरीके से किया गया है। अभी डिस्ट्रिक्ट लेवल पर करीब 585 NCD clinics, PHC लेवल पर 3,084 और उसी तरह 168 डे-केयर सेंटर्स कीमोथेरेपी के हैं, लेकिन जो सबसे ज्यादा खुशी की बात है कि दो सौ कुछ डिस्ट्रिक्ट्स में अकेले पिछले साल 6.79 करोड़ लोगों की हम लोगों ने स्क्रीनिंग की। इसमें खुशी की बात यह है कि 6.1 परसेंट डायबिटीज के, 7.4 परसेंट हाइपरटेंशन के, 0.26 परसेंट cardiovascular disease के और 0.21 परसेंट कैंसर के पेशेंट्स पाए गए। स्क्रीनिंग में विशेष रूप से तीन कैंसर्स, जो हमारे भारत में

प्रमुख हैं, ओरल कैंसर है, ब्रेस्ट कैंसर है, cervical cancer है, इनके 0.21 परसेंट पेशेंट्स पाए गए। इसके बाद एक organized procedure है कि जैसे ही कैंसर डिटेक्ट होता है, तो उसको सिस्टम के तहत आगे का ट्रीटमेंट होता है।

महोदय, मुझे बताना है कि हमारे देश में इस समय कैंसर के ट्रीटमेंट के लिए 482 सेंटर्स हैं और इन 482 सेंटर्स के अंदर करीब 695 टेलीथेरेपी मशीन्स लगी हुई हैं, जिनमें से कोबाल्ट की 201 हैं, linear accelerator आदि बहुत सारी चीजें इन पांच सालों के अंदर expand की गई हैं। Linear accelerator 464 हैं, टोमोग्राफी के लिए 17 टोमोथेरेपी हैं, CyberKnife 6 हैं, GamaKnife 7 हैं और cervical cancer के लिए सबसे important होता है Brachytherapy, इसके लिए भी 356 मशीन्स उपलब्ध कराई गई हैं। गुलाम नबी आज़ाद साहब ने झज्जर के हॉस्पिटल के बारे में कहा था, इस संबंध में मैं यह बताना चाहता हूं कि बहुत खुशी की बात है कि उसका फाउंडेशन वगैरह रखा गया था और हम डा. मनमोहन सिंह जी को भी स्मरण करते हैं कि उन्होंने गुलाम नबी जी के साथ बहुत अच्छा initiative लिया, लेकिन आपको सिर्फ इतना कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी जी उसका ऐसे ही जाकर उद्घाटन नहीं करके आए, बल्कि 5 साल में वहां पर पूरा डेवलपमेंट होने के बाद उसका उद्घाटन हुआ है। अभी हमने वहां पर इतना कर दिया है कि All India Institute के अंदर ब्रेस्ट के कैंसर का लोड था, अभी तो यहां से All India Institute से भी वहां पर पेशेंट को ट्रांसफर करने के लिए भी organized system डेवलप हो रहा है। हरियाणा ने भी अपने रोडवेज़ की कुछ बसेज़ अलग जगह से लगाई हैं, आगे के लिए, मेट्रो वगैरह के लिए व्यवस्था प्लान हो रही है। बहुत लोगों ने यह बात कही कि बहुत सारी वेटिंग लिस्ट इत्यादि हैं, उस लोड को बड़े पैमाने पर कम कर दिया गया है। यहां पर OPD स्टार्ट हो चुका है और आने वाले समय में एक तीन सौ करोड़ का new proton therapy, जो सबसे लेटेस्ट है, प्राइवेट अस्पताल में proton therapy के लिए 25 लाख रुपए तक लगते हैं, लेकिन यह यहां पर नि:शुल्क उपलब्ध होगा। देश और दुनिया की सबसे बड़ी लैब, जिसमें एक दिन में 60 हजार samples automatically test हो सकेंगे, वहां पर वह 24x7 चलने वाली है। अभी आने वाले समय में जो नारायण मूर्ति साहब हैं, उनकी मदद से वहां सौ करोड़ के expenditure से CSR के तहत एक धर्मशाला भी बनाने की योजना है, जिस प्रकार से उसके लिए बात बताई गई है। रिसर्च की दृष्टि से, मैं आपको बताना चाहता हूं कि यहां पर दुनिया की बड़ी कंट्रीज़ के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर रिसर्च का काम होगा। इसमें मैं आयुर्वेदिक ड्रग्स के बारे में विशेष रूप से उल्लेख करना चाहता हूं कि यहां पर coded drugs के randomized clinical trials complets हो गए हैं, जिसके माध्यम से देखा गया कि chemotherapy के साइड इफेक्ट्स बहुत कम हो गए हैं और यह होम्योपैथी के लिए भी शुरू हो रहा है और हमारी इंडियन मेडिसिंस के दूसरे सिस्टम्स के लिए भी शुरू हो रहा है।

उपसभापति जी, बात करने के लिए बहुत सारी चीज़ें हैं, लेकिन मैं इस अवसर पर एक और विषय का उल्लेख करना चाहता हूं, क्योंकि इस विषय को हमारे प्राइम मिनिस्टर साहब खुद

[डा. हर्ष वर्धन]

पीएमओ के माध्यम से और Department of Atomic Energy के माध्यम से बड़े पैमाने पर मॉनिटर करते हैं। Tata Memorial Centre और साथ में Department of Atomic Energy, इसे एक बड़े मूवमेंट की तरह ले रहा है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि National Cencer Grid के तहत सारे देश में यूनिफॉर्म ट्रीटमेंट हो, इसके लिए देश के अंदर 177 इंस्टीट्यूशंस और जितने एक्टिविस्ट हो सकते हैं, जितने patients' advocacy groups हो सकते हैं, वे सारे जुड़ गए हैं और अभी तक यहां पर आठ इंस्टीट्यूशंस बनकर क्रिएट हो गए हैं। Tata Memorial Hospital के बारे में हम पहले से ही जानते हैं, उसके साथ Advanced Centre for Treatment, Research and Education in Cancer, Mumbai, Centre for Clinical Epidemiology, Mumbai, Homi Bhaba Cancer Hospital and Research Centre, Visakhapatnam, इन सब में से कुछ के आपने नाम लिए, लेकिन हमने इनको establish करके जनता को dedicate कर दिया है। Homi Bhaba Cancer Hospital, Sangrur, Punjab, Dr. B. Borooah Cancer Institute, Guwahati, Homi Bhaba Cancer Hospital, Varanasi, Mahamana Pandit Madan Mohan Malviya Cancer Centre, Varanasi, इसके अलावा दो in the offing हैं। उनमें से एक भुवनेश्वर, ओडिशा में है और एक मुजफ्फरपुर, बिहार के अंदर है।

उपसभापति जी, मुझे यह कहा जा रहा है कि समय मर्यादा है और शायद अभी बाकी बिल्स वगैरह भी लिए जाने हैं।...**(व्यवधान)**... मुझे दो-तीन बातें कहनी है।...**(व्यवधान)**... अभी एरियावाइज़ सर्वे करके जो रिजल्ट्स बताए गए हैं, वैसे तो बहुत तरह के डेटाज़ आते हैं, उसके अनुसार हमारे रूरल एरियाज़ के अंदर एक लाख पर 40 से 50 कैंसर के पेशेंट्स हैं, सेमी-अरबन एरियाज़ में 60 से 70 पेशेंट्स हैं और अरबन एरियाज़ में लगभग 90 से 100 per 1 lakh हैं। यही संख्या अमेरिका में लगभग 350 per one lakh है। यानी हमारा जो incidence है, वह अमेरिका के मुकाबले या तो 1/3 है या 1/8 है। इसमें सबसे बड़ी खुशी की बात यह है कि इसमें जो हामरे कॉमन कैंसर्स हैं, उनमें से 60 से 70 परसेंट कैंसर्स preventable हैं, इसलिए अगर हम early diagnosis के ऊपर और जैसा मैंने अभी उल्लेख किया कि यह काम किया जा रहा है, उसके ऊपर फोकस करें- आपको यह सुनकर खुशी होगी कि यह औपचारिक है कि जो देश में इतने सारे टॉयलेट्स और स्वच्छता का बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया, उसके रिजल्ट में– this is not my statement; this is the statement of scientists from the Tata Memorial Institute- उसके कारण देश में जो uterine, cervical कैंसर है और जो penile cancer है, इसके अंदर... क्योंकि लोगों को access मिला है, अपने प्राइवेट पार्ट्स को स्वच्छ रखने की, breast examination करने की प्राइवेसी मिली है, इसके कारण जो सुविधाएं हुई हैं, स्वच्छता अभियान के कारण जो सुविधाएं हुई हैं, उससे देश के sanitation का quotient 33 परसेंट से, 35 परसेंट से 97 परसेंट तक पहुंचा है। इसके कारण बीमारियों का incidence WHO की rare diseases incidence की कैटेगरी की तरफ बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। मैंने सब के सवाल-जवाब लिखे थे, गुलाम नबी आज़ाद साहब ने भी बहुत सारी बातें कही हैं। उनको मुझे केवल इतना assure करना है कि जो कुछ

भी उन्होंने शुरू किया, उसमें से कोई भी काम ऐसा नहीं है, जिसे हम लोगों ने रोक दिया। उसको पूरे उत्साह के साथ, पूरे dynamism के साथ, पूरी proactivity के साथ हमने किया है। सरकारों की प्रक्रिया continuous होती है, लेकिन जो आपने conceive किया, उसे हम लोगों ने अच्छे तरीके से implement करके दिखाया है। मैं आप सबसे इस अवसर पर यही अनुरोध करता हूं कि ये data and statistics तो बहुत सारे हैं...**(व्यवधान)**...

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद : मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : प्लीज़, प्लीज़...**(व्यवधान)**... नहीं, नहीं...**(व्यवधान)**... माननीय मंत्री जी के जवाब के साथ यह खत्म...**(व्यवधान)**... आपको इजाज़त नहीं है।...**(व्यवधान)**... निषाद जी, आपको इजाज़त नहीं है, आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी।...**(व्यवधान)**... मिस्टर निषाद, आप बगैर परमिशन के बोल रहे हैं।

डा. हर्ष वर्धन : देखिए, मैंने एक general view दिया है। एक-एक डिस्ट्रिक्ट, एक-एक अस्पताल की मशीन की यहां इस short term duration में चर्चा नहीं हो सकती है। लेकिन जैसा मैंने कहा, ज्यादातर कैंसर early diagnosis के बाद preventable हैं। इस नाते लाइफ-स्टाइल में चेंजेज़ जरूरी हैं। सिगरेट, तम्बाकू, शराब और पान मसाला आदि चीज़ों के खिलाफ समाज में आंदोलन करना जरूरी है। खासकर, फूड हैबिट के संबंध में हमारा FSSAI भी बहुत बड़े पैमाने पर Eat right, Eat Less आंदोलन को बड़े पैमाने पर विकसित कर रहा है। आप सबसे भी मेरा अनुरोध है कि कैंसर के खिलाफ सरकार पूरी तरह से कृतसंकल्प है। अगर कैंसर के लिए टेक्निकल सपोर्ट देना है, अस्पताल देना है, मैनपावर देनी है, मशीनें देनी हैं, तो ये सब काम बहुत तेजी से किया जा रहा है। आपने कोलकाता के अस्पताल की बात की। कोलकाता का चितरंजन अस्पताल, जो आपने conceive किया था, वह 500 करोड़ रुपये खर्च करके अब almost completion की स्टेज पर है। इसी तरह से, जो दूसरे अस्पताल हैं, वे सब advanced stages में हैं। वे या तो completion के स्टेज में हैं या वे dedicate हो चुके हैं।

आप सबसे मेरा यही अनुरोध है कि अपने-अपने क्षेत्र में कैंसर से prevention की दृष्टि से जितनी भी प्रकार की awareness को हम generate कर सकते हैं, वह करना चाहिए। अगर हम एक भी व्यक्ति को early diagnosis के लिए प्रेरित कर सकें, तो यह एक अच्छा प्रयास होगा। गुलाम नबी साहब ने यह अच्छा कहा है कि हम हैल्थ चेकअप तब कराने जाते हैं, जब हमारे अंदर 25 बीमारियां हो जाती हैं। अगर हम लोग लोगों को एक रूटीन हैल्थ चेकअप के लिए भी प्रेरणा दें, तो कैंसर जैसी बहुत सारी बीमारियों को हम समय पर diagnose कर सकते हैं।

आज समय की मर्यादा है, लेकिन अगर आप कभी और समय देंगे तो मैं चाहूंगा कि इस सदन के अंदर कैंसर के बारे में और विस्तार से चर्चा की जाए। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI ANAND SHARMA (Himachal Pradesh) : I have to ask the Minister....*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति : ऑनरेबल आनन्द जी, आप बड़े सीनियर मेम्बर हैं। SDD में मंत्री जी के जवाब के साथ ही चर्चा खत्म होती है।...**(व्यवधान)**...

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद : सर, सवाल पूछने का हमारा अधिकार है।...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा : सर, इस सदन के कुछ नियम हैं।

श्री उपसभापति : उस नियम के तहत ही मैं कह रहा हूं।...**(व्यवधान)**... It is already two-and-a-half hours discussion. ...*(Interruptions)*... माननीय रेवती रमन सिंह।...**(व्यवधान)**...

SHRI ANAND SHARMA : I have a right to seek clarification....*(Interruptions)*...

SHRI P. CHIDAMBARAM (Maharashtra) : After the speech of the Minister, clarifications are asked. This is a live assembly. This cannot be reduced to a boring monologue. There must be thrust and parry; there must be debate; there must be robust questioning and answering. ...*(Interruptions)*... If the Minister is willing to answer, why are you objecting?...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति : माननीय चिदम्बरम जी, आप बड़े अनुभवी और माननीय मंत्री रहे हैं।...**(व्यवधान)**... लेकिन SDD का जो नियम है, वह इस सदन का बनाया हुआ नियम है।...**(व्यवधान)**... यह इस सदन का बनाया हुआ नियम है।...**(व्यवधान)**... ढाई घंटे में यह बहस खत्म होगी, यह सदन का बनाया हुआ नियम है।...**(व्यवधान)**...

SHRI P. CHIDAMBARAM : We are asking for permission from you for putting question....*(Interruptions)*...

श्री आनन्द शर्मा : आप 'Rajya Sabha At Work' निकालकर देखिए।...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : यह बहस ढाई घंटे में कन्क्लूड होने की व्यवस्था है।...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा : हमें प्रश्न पूछना है।...**(व्यवधान)**... मंत्री अगर जवाब देना चाहें,...**(व्यवधान)**...

SHRI P. CHIDAMBARAM : If the Minister is willing to answer, what is the matter?...*(Interruptions)*... We have all been Ministers for years; we have answered questions. If the Minister is willing to answer, what is the difficulty?...*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति : हमें अगले बिज़नेस पर जाना है।...**(व्यवधान)**... हम इतने सवाल इस वक्त नहीं ले सकते।...**(व्यवधान)**... आगे Half an Hour Discussion है।...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा : देखिए, उपसभापति महोदय, it is our right to ask questions. ...*(Interruptions)*...

SHRI P. CHIDAMBARAM: It is a live assembly....*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति : माननीय आनन्द जी, मैं नियम दिखाता हूं। अगर होगा तो हम आपको इजाज़त देंगे।...**(व्यवधान)**...

श्री आनन्द शर्मा : बिल्कुल है।...**(व्यवधान)**... मैं मंत्री रहा हूं। यहां इस सदन में और दूसरे सदन में भी हमारी स्टेटमेंट के बाद हमसे सवाल पूछे जाते थे और हम जवाब देते थे।...**(व्यवधान)**... Don't make it boring. ...*(Interruptions)*...

SHRI BHUPENDER YADAV (Rajasthan) : Sir, Rule 178 is very clear. It says that a Member can participate only after the permission of the Chairman....*(Interruptions)*... Rule 178 is very clear. ...*(Interruptions)*...

SHRI P. CHIDAMBARAM: We are asking for permission. ...*(Interruptions)*...

SHRI BHUPENDER YADAV: If the Chair denies, then Rule 258 is final....*(Interruptions)*...

SHRi ANAND SHARMA: You are a Member; you should support us....*(Interruptions)*...

श्री उपसभापति : माननीय सदस्यगण, मैंने जो बताया वह नियम के तहत बताया और अब मैं आगे चल रहा हूं। Now, Half-an-Hour Discussion. Shri Rewati Raman Singh, to raise a discussion on points arising out of the answer given in the Rajya Sabha on the 24th June, 2019 to Starred Question No. 19, regarding 'Clean Ganga Drive'. माननीय रेवती रमन जी, आप पांच मिनट बोलेंगे, उसके बाद माननीय मंत्री जी का जवाब होगा। जिन लोगों ने पहले से अपने नाम दिए हुए हैं, वे सिर्फ specific questions पूछेंगे। नियमत: यह आधे घंटे की बहस होती है। आधा घंटा होते ही यह बहस खत्म हो जाएगी। अब आप बोलें।

HALF-AN-HOUR DISCUSSION

On points Arising out of answer to Starred Question No. 19 given on 24th June, 2019 regarding 'Clean Ganga Drive'

श्री रेवती रमन सिंह (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि गंगा की अविरलता पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया है। मान्यवर, हिमालय और गंगा भारत की सभ्यता से जुड़े हुए हैं।